तापमान

अधिकतम 42.6 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार 10 जून 2024


11 गो-घाट व गली निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप



12 तीन दिन राहत के बाद फिर से भारी गर्मी, उमस कर रही लगातार परेशान






### प्राणायामों से हम अपने श्वास की गति को कम करके विभिन्न रोगों से बच सकते

# शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकार के साथ पर्यावरण से बिगड़ रहा श्वास का संतुलनः डा. धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

मानव शरीर पांच तत्वों पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश से मिलकर बना है। इन पांचों तत्त्वों में वायु तत्त्व सबसे प्रधान है। यही तत्त्व हमारे शरीर को जीवित रखता है और वात शरीर को धारण करने वाले त्रिदोष में मुख्य है। वात अर्थात वायु ही श्वास के रूप में मनुष्य का प्राण है। वैदिक ग्रंथों में प्राणों को सर्वरोग नाशक औषधी और ब्रह्म कहा है। प्राण शरीर के रोम रोम में व्याप्त रहते हैं। शरीर में ज्ञानेंद्रियां और कर्मेंद्रियां विश्राम कर लेते हैं लेकिन हमारे प्राण रात दिन अनवरत चलते रहते हैं। हमारे जीवन का आधार प्राण तत्त्व ही है। शरीर में जब तक प्राणवायु विद्यमान रहती है, तब तक ही जीवन कहलाता है या जीवित व्यक्ति कहा जा सकता है, लेकिन जैसे ही यह प्राणवायु या प्राणशक्ति हमारे शरीर का साथ छोड़ देती है, वैसे ही व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।

#### मानसिक आघात से चित्त व्याकुल हो जाता



योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डा. धर्मवीर यादव ने बताया कि मानसिक आघात से चित्त व्याकुल हो जाता है और इसी वजह से क्षुब्ध हुई प्राणवायु अपने समत्व भाव को छोड़कर शरीर में विपरीत मार्ग में बहने लगती है। प्राणवायु का ठीक से संचालन न होने से खाया हुआ अन्न कुजीर्णता, अजीर्णता या अपच को ही प्राप्त होता है। सभी प्रकार की शारीरिक मानसिक व्याधियों की उत्पति का मूल कारण प्राणवायु का असंतुलन ही है। उन्होंने कहा कि सामान्यत सभी मनुष्य ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं, जिसमें हमारे श्वसन प्रणाली के अंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। नासिका गुहा, ग्रसनी, स्वरयंत्र, श्वास प्रणाल या ट्रेकिया , श्वासनली श्वसनीकाएं, वायुकोश, फेफड़े आदि श्वसन संस्थान के अंग है। श्वसन तंत्र के द्वारा श्वसन क्रिया दो विभिन्न स्तरों पर आधारित होती हैं। एक बाह्य श्वसन होता है और एक आंतरिक श्वसन होता है। शरीर की सबसे छोटी ईकाई कोशिका में भी श्वसन क्रिया होती है।

#### प्राणायाम से रोगों से बच सकते

*निरंतर प्राण साधना अर्थात विभिन्न प्राणायामों के माध्यम से हम अपने श्वास की गति को कम करके विभिन्न रोगों से बच सकते है। यौगिक गहरा श्वसन सूक्ष्म व्यायाम, आसन, भस्त्रिका, सूर्यनमस्कर, भ्रामरी, उज्जाई, नाडीशोधन प्राणायाम, मंत्र, जप, प्रार्थना ध्यान, मुद्रा व बंध व षटकर्म का निरंतर अभ्यास से श्वास की गति को लंबा और गहरा किया जा सकता है।*

#### तनाव व भागदौड़ भरी जिंदगी जी रहा मनुष्य

मनुष्य भोजन पानी के बिना कुछ दिनों तक जीवित रह सकता है, लेकिन प्राणवायु के बिना कुछ मिनट जीना मुश्किल हो जाता है। इसलिए भारतीय सनातन संस्कृति में प्राणों को संजीवनी बूटी कहकर संबोधित किया गया है। उम्र बढ़ने के साथ साथ व्यक्ति को प्रतिस्पर्धा, भागदौड़ भरी जिंदगी, तनाव, अवसाद, चिंता, काम, क्रोध, आलस्य, दुःख आदि शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकार घेरने लगते है। कुछ इसमें पर्यावरण कारक भी सम्मिलित हैं, जिससे धीरे धीरे श्वास का संतुलन बिगड़ने लग जाता है। मनुष्य श्वास के बिगड़ते संतुलन को योग ध्यान साधना से संतुलित करने का अनायास प्रयास भी नहीं करना चाहता है। आज मनुष्य को प्रतिस्पर्धा,तनाव और भागदौड़ भरी जिंदगी में लंबा गहरा और सकून भरा सांस लेनी की फुर्सत ही नहीं है, जिसकी वजह से एक चौथाई भाग तक ही सांस फेफड़ों तक पहुंच पाता है। बाकी फेफड़ों का तीन चौथाई निष्क्रिय पड़ा रहता है, जिससे धीरे धीरे श्वसन संबंधित अनेक रोग, जैसे खांसी, जुकाम, अस्थमा, टीबी, ब्रोंकाइटिस अपना स्थाई डेरा डालना शुरू कर देते हैं। इसके बाद निरंतर शरीर अनेक प्रकार के शारीरिक और मानसिक रोगों का घर बनता चला जाता है।

#### श्वासों का आध्यात्मिक विज्ञान

'चित कर्मों की वजह से ही मनुष्य को प्रारब्ध रूपी कर्मयुक्त जीवन मिलता है। कहते हैं की सभी मनुष्यों को उनके कर्मों के अनुसार प्राणों या श्वांसो की संख्या गिनकर दी हुई है। अक्सर आपने कहते हुए भी सुना होगा जब कोई व्यक्ति मृत्यु के नजदीक होता है, जब केवल उसके सांस चल रहे होते हैं। उस स्थिति को देखकर अनुभवी लोग कहते हैं की अभी इसकी सांसे पूरी नहीं हुई है कुछ बची हुई है, जब सांस पूरी होंगी तब ही भगवान का बुलावा आएगा। वैसे भी इस सृष्टि में जो प्राणी प्रति मिनट जितने कम श्वास लेता है वह वह उतना ही दीर्घजीवी भी होता है। कछुआ प्रति मिनट 4 से 5 सांस लेता है और 300 से 400 वर्ष तक जीवित रहता है। इसी प्रकार कबूतर, चिड़िया, गाय, भैंस, कुत्ता सभी प्रति मिनट 30 से अधिक श्वास लेते हैं और इनकी उम्र उसी अनुसार मनुष्य से उम्र काफी छोटी होती है। सामान्यत एक स्वस्थ मनुष्य प्रति मिनट औसतन 16 से 18 श्वास लेता है। इस प्रकार एक दिन 24 घंटे में लगभग 24 हजार श्वास प्रक्रिया करता है। इस प्रकार मनुष्य की आयु हमारे सभी शास्त्रों में 100 वर्ष बताई है। यदि मनुष्य प्राण साधना करके श्वास की गति प्रति मिनट 8 लेकर आ जाता है तो वह 200 वर्षों तक जीवन जी सकता है। यदि योगसाधक प्रति मिनट सांस की गति 4 ले आता है तो वह 400 वर्ष की उम्र को प्राप्त कर सकता है। इसी कारण प्राचीनकाल में हमारे ऋषि,मुनि, योगी, साधु 400 वर्ष से अधिक उम्र का जीवन ही नहीं जीते थे, बल्कि चिरंजीवी होते थे।

## ऑफिस छोड़कर रूट पर ड्यूटी देंगे चालक-परिचालक

महेंद्रगढ़। बस स्टैंड परिसर में मलाईदार पदों पर बैठकर कार्य करने वाले जूनियर चालक-परिचालकों को अब रूट पर भी ड्यूटी देनी होगी। मुख्यालय की ओर से वर्ष 2023 के आदेशों को निरस्त करते हुए कर्मचारियों की रूट पर ड्यूटी लगाने के आदेश जारी किए हैं। वहीं मुख्यालय की ओर से ऐसे चालक-परिचालक जो औसत किलोमीटर से कम मार्ग तय कर रहे हैं, उनका भी विवरण स्पष्ट रूप से कारण सहित मुख्यालय की यातायात शाखा में भेजने के आदेश जारी किए हैं। बता दें कि डिपो में काफी संख्या में ऐसे जूनियर कर्मचारी है, जो रूट की बजाय लंबे से ऑफिस में बैठकर कार्य कर रहे हैं। वहीं सीनियर कर्मचारियों से रूट पर ड्यूटी ली जा रही है। अब मुख्यालय की ओर से पुराने आदेशों को निरस्त कर दिया गया है। अब अगर कोई चालक-परिचालक शारीरिक तौर पर पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं है तो कार्यालय में कार्य कर सकेगा। जिनको एक साल से अधिक अन्य ड्यूटी पर हो गया है, उन्हें तुरंत प्रभाव मार्ग ड्यूटियों पर लगाया जाए। यदि किसी कर्मचारी की रूट पर ड्यूटी लगाने से डिपो की कार्य क्षमता प्रभावित होने की आशंका है तो ऐसे मामले में स्पष्ट केस बनाकर मुख्यालय से अनुमति लेना सुनिश्चित करेंगे। निदेशालय द्वारा जारी किए निर्देशों में डिपो महाप्रबंधकों को कहा है कि डिपो के जिन चालकों व परिचालकों से अन्य जगहों पर कार्य लिया जा रहा है या ऐसे चालक व परिचालक जो एक साल से अन्य कार्यों में लगे हैं, उन्हें अन्य कामों से हटाकर उनसे रूटों पर काम लिया जाए।

### जेईई एडवांस के होनहार




नांगल चौधरी। बालाजी स्कूल के छात्र।

## बालाजी स्कूल के छात्र नितिन यादव व रवि कुमार ने जेईई एडवांस किया क्वालीफाई

**नांगल चौधरी।** बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका के छात्र नितिन यादव पुत्र रमेश कुमार व रवि कुमार पुत्र मनोज ने जेईई एडवांस क्वालीफाई किया है। मेधावी छात्रों को स्कूल प्रबंधन समिति 13 जून को सम्मानित करेगी। स्कूल के चेयरमैन रामनिवास यादव ने बताया कि ढाणी जाजमा निवासी नितिन यादव व रवि कुमार ने इसी साल 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की है। जिन्होंने बिना कोई विशेष कोचिंग लिए जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बीते महीने जेईई एडवांस की परीक्षा दी थी, जिसमें दो विद्यार्थियों ने सफलता हासिल करके स्कूल व गांव का गौरव बढ़ाया है। नितिन यादव ने 106 व रवि कुमार ने 119 अंक अर्जित किए हैं। उन्होंने बताया कि नीट की परीक्षा में स्कूल के सात विद्यार्थी क्वालिफाई हुए हैं। जिन्हें सम्मानित करने के लिए समारोह आयोजित किया जाएगा।

## एचपीएस स्कूल की छात्रा अवनी गर्ग ने पाई जेईई एडवांस में सफलता



छात्रा अवनी गर्ग।

**नारनौल।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई एडवांस परीक्षा का परिणाम रविवार को घोषित किया गया। जिसमें नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल की छात्रा अवनी गर्ग पुत्री देवेंद्र गर्ग का प्रदर्शन सराहनीय रहा। छात्रा अवनी गर्ग ने अच्छे अंक लेकर यह परीक्षा उत्तीर्ण की व अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छात्रा ने अपनी इस सफलता का श्रेय एचपीएस गुरुजनों व अपने माता-पिता को दिया। छात्रा ने बताया कि वह एक अच्छी इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। विद्यालय के डीन मनोज भारद्वाज, विद्यालय के चेयरमैन सुभाष चंद्र वर्मा, डायरेक्टर पुष्करमल वर्मा, एमडी डा. हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने छात्रा को बधाई दी व बताया कि विद्यालय लगातार पिछले 18 वर्ष से शिक्षा के साथ-साथ ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी विद्यार्थियों को सफल बनाने में प्रयासरत है।

### राव सुल्तान स्कूल के छात्र गौत्तम ने पाई 1858वीं रैंक



छात्र गौतम।

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह स्कूल निम्बेहड़ा के छात्र गौतम पुत्र विनोद कुमार खातोद ने जेईई एडवांस में 1858वीं रैंक पाई है। विद्यालय निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने छात्र, अभिववक व अध्यापकों को बधाई देते हुए बताया कि जेईई मेंस व एडवांस में 2.50 लाख उम्मीदवारों में से 48248 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि गौत्तम शुरूआत से ही पढ़ाई में होशियार रहा है। वो कहते हैं कि होनहार वीरवान के होत चिकने पात उसने ये बात साबित कर के दिखा दिया। गौत्तम ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने अध्यापकों व अभिभावकों को दिया। विद्यालय प्राचार्य ने बच्चों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार शर्मा, उपप्राचार्य रामकुमार, कर्ण सिंह निम्बल, जितेंद्र, रविंद्र व अक्षय आदि उपस्थित रहे।

### रघुनाथपुरा की आरजू ने पाई जेईई एडवांस में सफलता



आरजू।

**नारनौल।** जेईई एडवांस का परीक्षा परिणाम रविवार को घोषित किया गया है। जिसमें गांव रघुनाथपुरा की बेटी आरजू यादव पुत्री पवन सिंह ने सफलता हासिल कर परिवार व गांव का नाम रोशन किया है। छात्रा आरजू ने जेईई एडवांस परीक्षा परिणाम में ऑल इंडिया ओबीसी रैंक में 2426वीं व ऑल इंडिया कॉमन में 10879वीं रैंक प्राप्त की है। इस अवसर पर परिवार व गामीणों ने बेटी आरजू को बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर छात्रा आरजू के पिता पवन सिंह, माता निशा देवी, दादा पृथ्वी सिंह व राजकुमार, दादी सुमित्रा देवी व बिमला देवी, चाचा सुरेंद्र कुमार व चाची रेखा कुमारी, चाचा असिस्टेंट कमांडेंट रवि यादव ने आशीर्वाद दिया।

## हाइवे पर अचानक ब्रेक लेने पर आगे की गाड़ी में घुसा ट्राला, ड्राइवर के साले की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बावल





रेवाड़ी। हादसे में क्षतिग्रस्त हुआ ट्राले का अगला हिस्सा।

एनएच-48 पर बीती रात जयपुर की ओर से दिल्ली जा रहा ट्राला आगे चल रहे वाहन में घुस गया, जिससे ट्राले का अगला हिस्सा चक्नाचूर हो जाने से क्लीनर की मौत हो गई। बीती रात राजस्थान के सीकर जिला निवासी चालक संतूराम मीणा व उसका साला महिपाल गुजरात से टाइलों से भरा 22 टायर का अ्राला जयुपर से दिल्ली की ओर से जा रहे थे। जब ट्राला हाइवे पर बावल के पास स्थित कचरा डंपिंग स्टेशन के सामने पहुंचा तो अचानक आगे चल रही गाड़ी ने ब्रेक ले लिए, जिससे ट्राला गाड़ी में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की ट्राले का अगला हिस्सा पूरी तरह चक्नाचूर हो गया। हादसे में ड्राइवर संतूलाल तथा हेल्पर 34 वर्षीय वर्षीय राजस्थान के अजीतगढ़ निवासी महिपाल ट्राले के केबिन में ही फंस गया। ड्राइवर ने तुरंत बावल थाना पुलिस को कॉल करके सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रबंधक की टीम पहुंची और चालक व हेल्पर को तुरंत ट्राले से बाहर निकालकर बावल सीएससी में एडमिट कराया। ड्राइवर को मामूली खरोंच आई है। गंभीर हालत देखते हुए क्लीनर को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने महिपाल को मृत घोषित कर दिया। आईओ बावल थाना एसआई सुनील ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

## विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से बनेगी सरकारः जगदीश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जगदीश यादव। फोटो :हरिभूमि

लोकसभा चुनाव में रोहतक लोकसभा से दीपेन्द्र हुड्डा की जीत के बाद रविवार को बेरली पेट्रोल पंप पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश यादव और कोसली प्रभारी चौधरी सोनु हुड्डा ने सभी को बधाई देते हुए संबोधित किया। इस अवसर पर रोहतक से चौ. दीपेन्द्र सिंह हुड्डा की जीत की खुशी मनाई गई। पूर्व मंत्री जगदीश यादव ने सभी समर्थकों का कोसली विधानसभा से जिताने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही जोन वाइज जिम्मेदारी देकर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी। इस अवसर पर सतीश यादव पूर्व जिला प्रमुख नारनौल, विजय चेयरमैन कनीना,ओमप्रकाश डाबला, सुरेंद्र चेयरमैन नाहड़, ओमप्रकाश भारद्वाज चेयरमैन कोसली, डा. महेश बोड़िया कमालपुर, नवीन यादव लूलाअहीर, डा. महेंद्र यादव पाटौदा, डा. सुरेंद्र यादव, मोतीराम सरपंच राठीवास, चेयरमैन विजय आजाद, गजराज सरपंच पाल्हावास, दिलभर जीवडा, डा. रोहतास रोझूवास, कैप्टन करतार सिंह, अमर सिंह बव्वा, प्रो. सुरेंद्र यादव, सरिता सेखावत, नरेंद्र चेयरमैन शहादतनगर, रामकिशन गुप्ता लूलाअहीर, कुलजीत, जिले सिंह पूर्व जिला पार्षद, जयभगवान सरपंच रतनथल, राजबीर कंवाली, गजराज नंबरदार, सरपंच दारा सिंह मोखूता, डा. हेमंत स्वामी लुखी व डा. पवन भाड़ावास प्रेस प्रवक्ता सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कैंपर गाड़ी में सवार होकर आए बदमाशों ने पिस्टल से किए फायर

- कैंपर गाड़ी में सवार होकर आए 10 से अधिक बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

गांव डरोली अहीर में कैंपर गाड़ी में सवार होकर आए 10 से अधिक बदमाशों ने एक घर पर हमला बोल दिया। बदमाशों ने इस दौरान घर पर पिस्टल से फायर भी किए। इसके अलावा बदमाशों ने पीड़ित की गाड़ी में तोड़फोड़ कर गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। पीड़ित ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर आरोपितों पर सख्त कार्रवाई की मांग की हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नौ नामजद सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 148, 149, 285, 427, 506, 457 व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

गांव डेरोली अहीर निवासी प्रदीप कुमार ने सदर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि रात्रि को समय करीब 10:45 बजे वह घर पर सो रहा था। इस दौरान जोर-शोर से आवाजें आने लगी। वह कमरे से बाहर आया तो देखा कि कुछ लोग बोलेरो व कैंपर गाड़ी में थे। उन्होंने आते ही उसकी गाड़ी पर हमला बोल दिया। इस दौरान उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने उसके परिवार पर हमला करने कि कोशिश की और तीन चार राउंड फायर भी किए। हमने बड़ी मुश्किल से कमरे के अंदर जाकर जान बचाई और उन्होंने घर के अंदर आकर कमरे के गेट पर पत्थर व लाठी डंडों से हमला कर दिया। उन्होंने जान से मारने की और रात को उठा ले जाने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि कैंपर गाड़ी में अनिश, दर्शन, कृष्ण, दीपक, मोनू, नितेश, अवधेश, अंकित व कुछ गांव के अन्य लोग इस वारदात में शामिल थे व कुछ बाहर के लोग थे।

## रसूलपुर का युवक लापता दो पर बंधक बनाने का आरोप

- पुलिस ने केस दर्ज कर चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कनीना

क्षेत्र से युवक व युवतियों सहित महिला एवं पुरुषों के लापता होने की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कनीना सिटी व सदर थाना के अंतर्गत गांवों से इस बारे में लगभग 72 घंटे के अंतराल में एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिल रही है। जिनमें से कुछ व्यक्ति ऑफ द रिकार्ड मिल जाते हैं, जबकि कुछ की थाना में प्राथमिकी दर्ज की जाती है। ऐसा ही एक ताजा मामला सामने आया है। इस संदर्भ में रसूलपुर निवासी जोगेंद्र कुमार ने अपने 25 वर्षीय भाई योगेश के लापता होने की शिकायत सदर थाना में दी है। जिसमें उसने दो युवकों पर आरोप लगाया है। जोगेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई योगेश सात जून को शाम सात बजे दो साथियों रवि व राजकुमार के साथ कुएं पर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक सफेद रंग की कार वहां आई। जिसमें अंकित वासी गुढ़ा व सरवर वासी झज्जर बैठा हुआ था, जो कुएं पर आए थे। इससे पूर्व अंकित का चचेरा भाई दीपक भी कुएं पर आता रहा है। इसके बाद से योगेश का कोई अता-पता नहीं है। उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा है। जोगेंद्र ने अंकित व सरवर पर योगेश को बंधक बनाकर अज्ञात स्थान पर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि जोगेंद्र कुमार की शिकायत पर केस दर्ज कर सर्च अभियान चलाया गया है।

### सर्वोच्च न्यायालय में लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

**नारनौल।** जिन वादियों के मामले सवार्ेच्च न्यायालय में लंबित हैं तथा वे अपने मामलों को विशेष लोक अदालत में निपटाना चाहते है, तो वे निकटतम संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। ऐसे मामलों का निपटान करने के लिए आगामी 29 जुलाई से तीन अगस्त तक सवार्ेच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने बताया कि जिन वादियों के मामले सवार्ेच्च न्यायालय में लंबित हैं तथा वे अपने मामलों को विशेष लोक अदालत में निपटाना चाहते हैं तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### सुंदरलाल मुकदम संयोजक व विनोद सैनी बने जिलाध्यक्ष



सुंदरलाल मुकदम।

**महेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड में शहर निवासी सुंदरलाल मुकदम को जिला संयोजक तथा विनोद सैनी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है। दोनों ही पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि संगठन द्वारा उन्हें दी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर संस्थापक राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड पुष्पेंद्र कुमार सैनी, प्रदेश प्रभारी बबलू सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पूर्व पार्षद घनश्यामदास सैनी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि वे पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए पूर्ण ईमानदारी से राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड को मजबूती प्रदान करेंगे तथा समाज जागरूकता लाने का काम करेंगे।

## नशीले पदार्थ बेचने के मामले में एक गिरफ्तार

- पुलिस ने 1.87 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

एचएसएनसीबी रेवाड़ी यूनिट की टीम ने महेंद्रगढ़ क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपित को पकड़ा है। आरोपित की पहचान सुरेंद्र उर्फ छोटिया वासी बचीनी के रूप में हुई है। टीम ने आरोपित के पास से 1.87 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक बरामद किया।

जानकारी के मुताबिक टीम महेंद्रगढ़ क्षेत्र में नांगल हरनाथ मोड पर मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि सुरेंद्र उर्फ छोटिया निवासी बचीनी नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है और नशीला पदार्थ लिए हुए गांव बचीनी बस स्टैंड पर बाइक सहित खड़ा है। अगर तुरंत रैड की जाए तो आरोपित को नशीले पदार्थ सहित पकड़ा जा सकता है। बताए हुए स्थान पर पुलिस टीम द्वारा रैड की गई, वहां पर खड़ा एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा, जिसे काबूकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सुरेंद्र उर्फ छोटिया उपरोक्त बताया। जिसके पास से 17 प्लास्टिक पाउच बरामद हुए, जिनसे नशीला पदार्थ स्मैक बरामद हुआ। जिसको एक सिल्वर पेपर पर इकट्ठा कर वजन करने पर 1.87 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। आरोपित को अवैध नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर लिया और थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और बरामद अवैध नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया गया। आरोपित को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया।

### राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह करेंगे शुरूआत

## महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के लाभार्थियों को कब्जा प्रमाण-पत्र वितरण की शुरूआत आज

- नारनौल में सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव 266 लाभार्थियों को बांटेंगे कब्जा प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे कर्मचारी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह 10 जून को सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के लाभार्थियों को वेब कास्टिंग के जरिए कब्जा प्रमाण-पत्र वितरण की शुरूआत करेंगे। वहीं जिला स्तर पर सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव ग्रामीण विकास विभाग की तरफ से 266 लाभार्थियों को लघु सचिवालय के नजदीक स्थित सभागार में कब्जा प्रमाण पत्र बांटेंगे। इस अवसर पर नागरिक बड़ी स्क्रीन के जरिए मुख्यमंत्री के संबोधन को लाइव देखेंगे।

यह जानकारी देते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं डीएमसी महावीर प्रसाद ने बताया कि प्रदेश सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती स्कीम के तहत 100-100 वर्ग गज के प्लाटों की रजिस्ट्री और कब्जा प्रमाण पत्र जैसे अन्य दस्तावेज वितरित करने का काम शुरू कर दिया है। जिला महेंद्रगढ़ के महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के लाभार्थियों को सभागार नारनौल में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग की तरफ से कब्जा प्रमाण पत्र बांटे जाएंगे।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में जिला महेंद्रगढ़ के 266 लाभार्थियों को प्लॉटों के कब्जा प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभागार भवन में मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा। लाभार्थियों को सभागार तक लाने की व्यवस्था जिला परिषद की ओर से की जा रही है। वहीं लाभार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी जिला परिषद की ओर से की जाएगी।

## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। छबील पर मीठा पानी पिलाते युवक। फोटो :हरिभूमि

### आईटीआई के छात्रों ने छबील लगाकर पानी पिलाया

**धारूहेड़ा।** रविवार को धारूहेड़ा के सोहना रोड स्थित सैनीपुरा मोहल्ला के पास छबील लगाकर मीठा शीतल जल पिलाया गया। हीरो कंपनी में 1 वर्ष का कोर्स पूरा होने पर युवकों ने छबील लगाकर पुण्य कमाया। मोहित आईटीआई करनाल, नीरज आईटीआई करनाल व अभिषेक आईटीआई करनाल ने राहगीरों को भीषण गर्मी में मीठा पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। युवकों ने कहा कि भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा पुण्य मानव सेवा से मिलता है।

### सांग सम्राट नेकीराम की पुण्यतिथि आज

**रेवाड़ी।** सांग सम्राट व लोक कवि मास्टर नेकीराम को 10 जून को पुण्यतिथि पर याद किया जाएगा। सांग सम्राट मास्टर नेकीराम साहित्य कला मंच के कोषाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गांव जैतड़ावास स्थित स्मारक स्थल में प्रातः 9 बजे होने वाले कार्यक्रम में सांग सम्राट मास्टर नेकीराम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर अनेक लोक कलाकार और ग्रामीण मौजूद रहेंगे।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 14 को

**कोसली।** सुधराना गांव के इष्ट देवता बाबा भैया के धाम पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 14 जून से किया जाएगा। इससे पूर्व सुधराना गांव से साल्हावास रोड़ स्थित बाबा भैया धाम तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर जागरण तथा भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन कमेटी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का वाचन वृंदावन के कथा वाचक बांके बिहारी करेंगे। 20 जून को रात्रि जागरण में नरेंद्र कौशिक ग्रुप के सदस्य बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे तथा अगले दिन प्रातः हवन तथा भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### ठगों ने क्रेडिट कार्ड से की 1.64 लाख की ठगी

**रेवाड़ी।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से डेढ लाख से अधिक की ट्रांजेक्शन करके धोखाधड़ी कर दी। मॉडल टाउन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

4 जुलाई से 8 जुलाई तक पहली मेरिट लिस्ट में नाम आने पर विद्यार्थी को फीस जमा करानी होगी

# एडिड कॉलेजों की स्नातक फीस सरकारी कॉलेजों से दोगुनी, राजकीय कॉलेजों की फीस भी नहीं समान

जिले में 11 राजकीय व चार अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में अलग-अलग एक ही संकाय की फीस, सरकारी कॉलेजों में बीए की फीस में दो हजार तक अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जिले के कॉलेजों में स्नातक कोर्स के लिए विद्यार्थियों की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह प्रक्रिया 25 जून तक चलेगी। इस बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 यानि एनईपी के तहत बीए, बीएससी मेडिकल और नान मेडिकल संकायों के नाम बदलने के साथ विषय चयन में भी काफी बदलाव किया है। इसके अनुरूप ही महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से दाखिला फीस संरचना तैयार की गई है। राजकीय महाविद्यालयों में एक ही संकाय के दाखिलों में फीस की सरंचना में अंतर है। जिले के 11 राजकीय और चार अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में से किसी में फीस कम है तो किसी में काफी बढ़ोतरी की गई है। किसी कॉलेज ने कंप्यूटर विषय की फीस जोड़ दिया है तो किसी ने पार्किंग और अन्य मद में दाखिलों के समय ही फीस निर्धारण किया है। थ्योरी के साथ प्रायोगिक विषयों की फीस संरचना में भी काफी अंतर है।


रेवाड़ी। सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय। फोटो :हरिभूमि

### एनईपी के तहत फीस निर्धारित



नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस बार कोर्सो के लिए फीस निर्धारित है। सभी शिक्षण संस्थाओं ने अपना विवरण जारी किया है। विद्यार्थियों को फीस संरचना की सही जानकारी कॉलेज में जाकर ही मिल सकेगी। छात्राओं की फीस अपेक्षाकृत कम है। दाखिले के साथ प्रथम सेमेस्टर की भी फीस इसमें शामिल है।
अर्चना सूटा, प्राचार्या एवं जिला नोडल अधिकारी, उच्चतर शिक्षा निदेशालय।

रेवाड़ी। अर्चना सूटा।

### तीन जुलाई को लगेगी पहली कट ऑफ

पहली कट ऑफ लिस्ट 3 जुलाई को जारी की जाएगी। इस बार हरियाणा बोर्ड के 12वीं के परिणाम में जिले के 6626 विद्यार्थी व सीबीएसई के परिणाम में 7622 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 3 जून से 26 जून तक स्टूडेंट एप्लीकेशन फार्म को एडिट कर सकते है। 5 जून से 28 जून तक कॉलेजों में ऑनलाइन डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रक्रिया की जाएगी। 3 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। 4 जुलाई से 8 जुलाई तक पहली मेरिट लिस्ट में नाम आने पर विद्यार्थी को फीस जमा करानी होगी। 10 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। 10 जुलाई से 12 जुलाई तक दूसरी मेरिट लिस्ट के विद्यार्थियों की फीस जमा होगी। 15 जुलाई को पहली और दूसरी लिस्ट में रह गए आवेदक फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर दाखिला ले सकेंगे। इसके बाद 16 जुलाई को पोर्टल फिर से रजिस्ट्रेशन करने के लिए ओपन किया जाएगा।

## सरकारी कॉलेजों में सीटों की संख्या और फीस

**गर्वनमेंट गर्ल्स कॉलेज सेक्टर-18**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 560 | 3060 |
| बीकॉम | 240 | 3312 |
| बीसीए | 60 | 6700 |
| बीएससी मेडिकल | 160 | 3060 |
| नॉन मेडिकल | 240 | 3060 |

**राजकीय महाविद्यालय रेवाड़ी**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 160 | 3420 |
| बीकॉम | 160 | 3672 |

**राजकीय महिला कॉलेज बावल**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 160 | 3540 |
| बीकॉम | 80 | 3720 |
| नॉन मेडिकल | 20 | 3540 |

**राजकीय महाविद्यालय बावल**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 480 | 3900 |
| बीकॉम | 60 | 4152 |
| नॉन मेडिकल | 80 | 3900 |

**राजकीय महाविद्यालय कोसली**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 240 | 3420 |
| मेडिकल | 80 | 3420 |
| नॉन मेडिकल | 160 | 3420 |
| बीकॉम | 80 | 3672 |

**राजकीय महिला कॉलेज पाली**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 160 | 3540 |
| बीए अंग्रेजी | 40 | 3564 |
| नॉन मेडिकल | 40 | 3540 |
| बीकॉम | 80 | 3790 |

**राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 320 | 3420 |
| नॉन मेडिकल | 160 | 3420 |
| बीकॉम | 160 | 3672 |

**राजकीय महिला कॉलेज गुरावड़ा**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 280 | 3060 |
| नॉन मेडिकल | 120 | 3060 |
| बीकॉम | 80 | 3312 |

**राजकीय महाविद्यालय कंवाली**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 420 | 3420 |
| नॉन मेडिकल | 160 | 3420 |
| बीकॉम | 80 | 3672 |
| बीसीए | 60 | 7060 |

**राजकीय महाविद्यालय नाहड़**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 420 | 5060 |
| नॉन मेडिकल | 80 | 5060 |
| बीकॉम | 60 | 4112 |

**राजकीय महाविद्यालय जाटूसाना**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 160 | 3500 |
| बीकॉम | 80 | 3752 |

## चार अनुदान प्राप्त कॉलेजों में सीटें व फीस

**अहीर पीजी कॉलेज रेवाड़ी**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 640 | 9320 |
| बीकॉम | 160 | 10520 |
| बीबीए | 120 | 22390 |
| बीसीए | 120 | 27590 |
| मेडिकल | 80 | 9320 |
| नॉन मेडिकल | 320 | 9320 |

**केएलपी कॉलेज रेवाड़ी**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 640 | 9360 |
| बीजेएमसी | 40 | 10100 |
| बीकॉम | 240 | 10660 |
| बीबीए | 80 | 22800 |
| बीसीए | 120 | 27300 |
| मेडिकल | 160 | 11060 |
| नॉन मेडिकल | 320 | 10710 |
| नॉन मेडिकल (स्व पोषित) | 60 | 24400 |
| बीएससी बायोटेक | 40 | 27300 |

**आरडीएस गर्ल्स कॉलेज कालाका रोड**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 160 | 8300 |
| बीकॉम | 80 | 9400 |
| नॉन मेडिकल | 80 | 21000 |

**डीएवी महिला कॉलेज कोसली**

| संकाय | सीटों की संख्या | फीस |
|---|---|---|
| बीए | 320 | 10300 |
| बीकॉम | 80 | 16600 |

# महाराणा प्रताप को किया नमन, जयंती पर देश भर में राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग

■ महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी


रेवाड़ी। महाराणा प्रताप चौक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती के अवसर पर रविवार को महाराणा प्रताप चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाराणा प्रताप जयंती समिति के सदस्यों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने तीसरी बार लगातार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर सरकार को बधाई दी। उन्होंने समिति की तरफ से प्रधानमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया कि जिस प्रकार राजस्थान और हरियाणा सरकार की ओर से हिंदी तिथि ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष तृतीया को महाराणा प्रताप जयंती का राजपत्रित अवकाश रहता है, उसी प्रकार देश भर में हिंदी तिथि अनुसार महाराणा प्रताप जयंती का राजपत्रितअवकाश घोषित किया जाए। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप चौक के सौंदर्यकरण व नवीनीकरण के लिए हरियाणा सरकार की ओर से करीब 20 लाख रुपये का कार्य कराया जा रहा है, जोकि जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होंने हरियाणा सरकार का भी इस कार्य के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि सौंदर्यकरण का कार्य पूरा होने पर विधिवत रूप से एक भव्य आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक ठाकुर विनीत सिंह तंवर जिला न्यायवादी, जिला राजपूत महासभा के अध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान, सरपंच जय सिंह तंवर, सरपंच प्रताप सिंह चौहान, मैनेजर गजराज सिंह चौहान, वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण ट्रिब्यूनल के सदस्य अनंगपाल सिंह चौहान, मान सिंह चौहान एडवोकेट, मैनेजर राजेश चौहान, रणधीर सिंह यादव एडवोकेट, बाबूदान सिंह तंवर कार्यकारी अभियंता, सुनील तंवर, मोनू, मुरारी लाल सोनी, राजेश सैनी व धर्मवीर सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# गो-घाट व गली निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप

■ ग्रामीणों ने जताया ऐतराज एसडीओ पंचायती राज को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नाहड़


रेवाड़ी। गांव बव्वा में गो-घाट का चल रहा निर्माण कार्य। फोटो :हरिभूमि

नाहड़ खंड के गांव बव्वा में शीतला माता मंदिर के समीप बनाए जा रहे गो-घाट में घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने पंचायती राज विभाग के एसडीओ को शिकायत भेजकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। बीना देवी ने दी शिकायत में बताया कि कारीगरों की ओर से निम्न स्तर की ईंटें व नाम मात्र सीमेंट लगाकर बुनियाद तैयार की जा रही है। दीवार भी टेढ़ी-मेढ़ी बनाई जा रही है। दूसरी ओर शिव मंदिर से बीना यादव के मकान तक बनाई जा रही गली में पुरानी टाइलें इस्तेमाल की जा रही हैं। यह कार्य ग्राम पंचायत की ओर से ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। खोखर वाला जोहड के पास भी गली निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री लगाई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच कराकर उचित गुणवत्तापरक सामग्री इस्तेमाल करने की मांग की है। एसडीओ पंचायती राज विकास कुमार ने कहा कि गांव में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा तथा घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकारी राशि का दुरूपयोग बिल्कुल नहीं होने दिया जाएगा।

# बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी




डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, उनको वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। डीसी ने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला कलेक्टर-जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं, सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान गृह मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं।

# गुरु अर्जन देव ने दसवंध की सेवा प्रारंभ की : हरबंस खुराना

■ गुरु अर्जुन देव के बलिदान दिवस पर पंजाबी धर्मशाला में कार्यक्रम कार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी


रेवाड़ी। अतिथियों को सम्मनित करते हुए संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस के अवसर पर 'गुरु अर्जुन देव का बलिदान-नमन कर रहा हिंदुस्तान' कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएलजी कमेटी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सुनील भार्गव, नरेंद्र गुगनानी व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि बादशाह जहांगीर गुरु अर्जन देव की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर बौखला गया था, क्योंकि उनके सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होने लगे थे। उन्होंने गुरु को अपने दरबार में बुलाया और इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए कहा। गुरु ने विनम्रता पूर्वक धर्म बदलने से मना कर दिया। उन्हें तपते तवे पर बिठाकर भीषण यातनाएं दी गई, उनके शरीर पर गरम-गरम रेत डाली गई, लेकिन वह शांत भाव से सिमरन करते रहे। इसके पांचवें दिन वह रावी नदी में स्नान के लिए गए, कहते हैं कि उसी समय वह दिव्य लोक को चले गए। आज लाहौर में उसी स्थान पर उनकी याद में गुरुद्वारा बनाया गया है। पंजाबी मार्केट कांम्पलैक्स यूनियन के प्रधान सरदार बलबीर सिंह, रेलवे रोड गुरुद्वारा के सेवक हरबंस लाल खुराना व शिक्षाविद डॉ. बलबीर अग्रवाल ने कहा कि गुरु अर्जन देव ने दसवंध की सेवा प्रारंभ की यानि प्रत्येक व्यक्ति अपनी कमाई का दसवां हिस्सा गुरु घर की सेवा में लगाएगा। कार्यक्रम में महिला संयोजक शशि जुनेजा, प्रधान निशा सीकरी, एडवोकेट दिव्या राजपाल, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, प्रवक्ता देवेंद्र कुमार, हिमांशु, सुदर्शन मेहंदीरत्ता व किशोरी नंदवानी अनेक लोग मौजूद थे।

# नांगल जमालपुर के बस अड्डे पर वाटर कूलर लगवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी


रेवाड़ी। वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए।

भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए गांव नांगल जमालपुर के बस अड्डे पर दिनेश ढिल्लों की ओर से रविवार को वाटर कूलर लगवाया गया है। ग्रामीणों ने ढिल्लों के पुण्य के कार्य की सराहना की। रविवार को वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर राधाकृष्ण मंदिर नांगल जमाल पुर के महंत हरिदास महाराज, दिनेश फौजी, सरपंच प्रतिनिधि बलवीर सिंह स्वामी, समाजसेवी दिलबाग ढिल्लों, पटवारी मुकेश जांगिड, विकास ढिल्लों दिल्ली पुलिस व हेमंत जांगिड सिविल इंजीनियर सहित गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

योग | गांव पीथड़ावास में पांच दिवसीय योग जागरूकता शिविर का शुभारंभ

# योग से असाध्य रोगों का होता है समूल नाश: डॉ फतेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुंड


रेवाड़ी। शिविर में योगाभ्यास करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

गांव पीथड़ावास स्थित शहीद दशरथ राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रविवार को पांच दिवसीय योग जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य के मार्गदर्शन में विश्व योग दिवस को लेकर ग्रामीणों को योग प्रोटोकॉल के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम जांगिड़ ने की तथा वरिष्ठ एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. फतेह सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य लोगों ने शहीद दशरथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस अवसर पर डॉ. यादव ने कहा कि योग प्राणायाम का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। हमें नियमित रूप से योग प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। योग प्राणायाम के नियमित अभ्यास से बड़े से बड़े असाध्य रोगों का समूल नाश किया जा सकता है। उन्होंने आध्यात्मिकता पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि आध्यात्मिकता का जीवन में विशेष महत्व है। आध्यात्मिकता आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का अच्छा साधन है, जो सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। उन्होंने लोगों से आध्यात्मिकता तथा योग प्राणायाम के साथ दिन की शुरूआत करने की अपील की। योग शिक्षक श्याम सुंदर हिंदू ने योग प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को योगिंग-जॉगिंग, सूर्य नमस्कार तथा योग प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी योग क्रियाएं बड़ी से बड़ी बीमारियों को कोसों दूर रखती है। इस अवसर पर प्रवक्ता भीम सिंह, यशवंत राव, सुरेंद्र कुमार, मौलिक मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार, अध्यापक महेश कुमार, परसराम बाबू, समाजसेवी नरेश कुमार, अमृत कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, निहाल सिंह, चंचल राव, मोहित कुमार, नितेश कुमार, सुनील कुमार, सुमित कुमार, यतेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गांव से सैटरिंग का सामान चोरी

**कोसली।** गांव झोलरी से चोर सैटरिंग का सामान चोरी कर ले गए। जिला चरखी दादरी के गांव चिड़िया निवासी हेमन्त ने कोसली थाना पुलिस का दी शिकायत में बताया कि उसने गांव झोलरी निवासी इन्द्रपाल के घर सैटरिंग का सामान डाल रखा था, जिसमें 7 चैनल व 10 लोहे की चादर थी। चोर सारा सामान चुरा ले गए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### ड्यूटी कर रहे रेलवे कर्मचारी की बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** हाइवे पुल के नीचे रेलवे ट्रैक के पास से रेलवे कर्मचारी की बाइक चोरी हो गई। जिला अलवर राजस्थान के गांव नायसराना निवासी सतीश कुमार यादव भारतीय रेलवे मे ट्रैकमैन के पद पर कार्यरत है। 6 जून को वह सुबह अपनी बाइक एनएच पुल के नीचे खड़ी करके पेट्रोलिंग करने लगा। जब वह शाम को वापस आया तो वहां से बाइक गायब थी। इधर-ध्शर तलाश करने के बाद उसने पुलिस को शिकायत दी। जीआरपी ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### कंपनी के बाहर से कर्मचारी की बाइक चोरी

**कसोला।** बावल स्थित कंपनी के बाहर खड़ी बाइक को चोर चुरा ले गए। गांव खरखड़ी निवासी नरेन्द्र बावल के सेक्टर-9 स्थित कंपनी में कार्यरत है। 8 जून को सुबह करीब 8:30 बजे कंपनी के बाहर बाइक खड़ी करके ड्यूटी पर लाला गया। जब शाम 6:30 बजे घर जाने के लिए वापस आया तो वहां से बाइक गायब थी। कसोला थाना पुलिस ने कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### चाकू की नोक पर बदमाश स्कूटी छीनकर फरार

**बावल।** गांव धारण के पास बदमाश एक व्यक्ति को चाकू दिखाकर स्कूटी व नकदी छीनकर फरार हो गए। गांव गोविंद पुर बास निवासी अतुल ने बावल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 जून रात्रि करीब 12 बजे वह स्कूटी से घर जा हा था। जब वह शिव मंदिर चौक के नजदीक पहुंचा तो एक व्यक्ति ने स्कूटी रोकने का ईशारा किया। उसके साथ एक और व्यक्ति भी साथ खडा था। उसने जैसे ही अपनी स्कूटी रोकी तो दोनों उसकी स्कूटी छीनने लगे। अतुल ने एतराज किया तो एक व्यक्ति ने उसे चाकू दिखाया। चाकू के डार से उसने अपनी स्कूटी दे दी। इसके बाद बदमाश उसकी जेब से 200 रुपये निकालकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकानदार के 50 हजार लेकर कारिंदा फरार

**रेवाड़ी।** पुरानी सब्जीमंडी में कपड़े की दुकान में काम करने वाला कारिंदा दुकानदार के 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। दुकानदार की शिकायत पर भाड़ावास पुलिस चौकी ने केस दर्ज कर लिया है। पुरानी अनाज मंडी निवासी सुंदर लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे भुजेश ने मोहल्ला बल्लूवाड़ा में भुजेश क्लाथ हाउस के नाम से कपड़ों की दो शटर की दुकान कर रखी है । गत दिवस सुबह सुंदरलाल दुकान पर 50 हजार रुपये व दुकान की चाबियां थैले में लेकर पहुंचे थे तथा कारिंदा वेदप्रकाश उर्फ बेदु निवासी कुम्हारों वाली गली ठठेरा मोहल्ला दुकान के बाहर खड़ा था।

## नाहड़ के शहीद स्मारक पर पूर्व सैनिकों की बैठक आयोजित

# संघर्ष समिति ने की अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग, राजनीतिक दलों को दिए जाएंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

गांव नाहड़ के शहीद स्मारक पर रविवार को अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग को लेर संघर्ष समिति के सदस्यों ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी राजनीतिक दलों के नुमाइंदों को अहीर रेजीमेंट बनाने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में सुरेहली, कोसली, कान्हड़वास, जावा, लुखी, जाहिदपुर, बिरण, भुरियावास, कतोपुरी तथा नाहड़ ब्लॉक के पूर्व सैनिक एवं ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सर्व प्रथम संघर्ष समिति तथा उपस्थित लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सूबेदार रणतेज सिंह, कैप्टन राजेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह व कर्नल सोनाराम संघर्ष ने अहीर रेजिमेंट गठन को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद एवं पूर्व सैनिक अर्धसैनिक कल्याण समिति नाहड़ के अध्यक्ष सूबेदार मेजर अमर सिंह ने की। मंच संचालन समिति के संयोजक डा. जय भगवान भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राव अजीत सिंह ने अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और भविष्य में समिति के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम राजनीति से प्रेरित नहीं हैं। हम सभी राजनीतिक दलों के नुमाइंदों को अहीर रेजिमेंट बनाने के लिए ज्ञापन देंगें। अपनी आवाज को बुलंद करेंगे तथा अपनी सदस्यता को बढ़ाने का काम करेंगे। केंद्र सरकार से अहीर रेजिमेंट के गठन की पुरजोर मांग की जाएगी।





रेवाड़ी। शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए संघर्ष समिति के सदस्य, बैठक को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### यह रहे बैठक में मौजूद

बैठक में सरपंच महेंद्र सिंह यादव,महाबीर सिंह यादव, सूबेदार मेजर रामकुमार यादव, बनवारी लाल यादव, शिवसहाय यादव, रोशन लाल श सूबेदार मेजर लक्ष्मीनारायण, डा. यतीन्द्र सिंह, सूबेदार रामौतार सिंह, राजेन्द्र सिंह, रामचन्द्र यादव, विजय कुमार, मीर सिंह यादव, सुरेश कुमार, रणबीर सिंह, भरत सिंह, उमेद सिंह, मांगेराम, प्रेम प्रकाश, सुरेन्द्र सिंह यादव, बलवंत सिंह,सब इंस्पेक्टर लक्ष्मी नारायण, रामफूल राव, आनन्द सिंह, सज्जन सिंह व धर्मपाल यादव सहित इलाके के पूर्व सैनिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# यादव सभा के कैंप में 158 लोगों की स्वास्थ्य जांच

- सभी को फ्री दवाइयां भी प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में158 मरीजों ने निशुल्क ओपीडी सेवाएं ली। सभा की ओर से सभी को फ्री दवाईयां भी प्रदान की गई। शिविर में डॉ. विक्रम ने मेडिसिन, डॉ. सिद्धार्थ ने हड्डीरोग, डॉ. प्रदीप ने सर्जरी, डॉ. योगेन्द्र ने चर्मरोग, डॉ. कंचन यादव ने नेत्ररोग व डॉ. सुमन ने स्त्री रोग के मरीजों की जांच की। शिविर में प्रधान रामबीर यादव, डा. यशपाल यादव, जसवंत यादव, गोकल राम, राम सिंह, आर एस यादव, सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश व बिक्रम ने सहयोग किया।



रेवाड़ी। बच्चे की आंखों की जांच करती डॉ. कंचन यादव। फोटो :हरिभूमि

### तंत्र-मंत्र कर ठग महिला के जेवरात व मोबाइल लेकर फरार

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा में एक शातिर ठग महिला तंत्र-मंत्र कर महिला के जेवरात व मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। गांव बोलनी निवासी ज्योति यादव हीरो कंपनी में सीएसआर प्रोजेक्ट में स्टाफ नर्स की पोस्ट पर कार्यरत है। गत दिवस करीब 12 बजे वह ड्यूटी के बाद खरखड़ा ओवरब्रिज के नीचे खड़ी थी। तभी एक व्यक्ति ने उससे शिव मंदिर का पता पूछा और बोलने लगा कि वह हरिद्वार से है और अपने सात साल के बच्चे का ईलाज कराने आया है। फिर वह महिला के बारे में बातें बताने लगा। इस दौरान एक-दो युवक और आ गए तो वह उनके बारे में भी बताने लगा। शातिर ठग ने इसी बीच तंत्र-मंत्र कर महिला का मोबाइल फोन ले लिया तथा उसके कानों के कुंडल व अंगूठी उतरवा ली तथा महिला को भेजकर कुछ दूरी पर टोटका करने को कहा। जब महिला कुछ दूरी पर गई तो इसी बीच ठग वहां से फरार हो गया। महिला की शिकायत पर धारूहेड़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिले के 65 लाभार्थियों को आज मिलेंगे स्वामित्व प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डा. बनवारी लाल

- झज्जर नेहरू कॉलेज में होगा स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम, मंत्री डा. बनवारी लाल होंगे मुख्य अतिथि

महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत जिन ग्रामीणों के 100-100 गज के प्लाटों की रजिस्ट्री हो चुकी है और उन्हें अभी आवंटित प्लाट का कब्जा दस्तावेज नहीं मिले हैं, उन्हें 10 जून को झज्जर स्थित नेहरू पीजी कॉलेज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल आवंटित प्लाट का स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। एसडीएम एवं सीईओ जिला परिषद विकास यादव ने बताया कि जिले के जिन शेष लाभार्थियों को स्वामित्व प्रमाण पत्र बांटे जाने हैं, उनको कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने के लिए सूचना विभागीय स्तर पर भेजी गई है। उन्होंने बताया कि क्लस्टर स्तर पर रेवाड़ी व झज्जर जिले के लाभार्थियों के लिए कार्यक्रम झज्जर मुख्यालय पर होगा। उन्होंने कहा कि केवल शेष बचे लाभार्थियों को ही कार्यक्रम में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिनकी प्लाटों की रजिस्ट्री हो चुकी है, किंतु उन्हें अभी उनके आबंटित प्लाट का स्वामित्व प्रमाण पत्र नहीं मिले थे, ऐसे रेवाड़ी जिले के 65 लाभार्थी व झज्जर जिले के शेष बचे लाभार्थियों को जनस्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। डीडीपीओ नरेंद्र सारवान ने बताया कि जिले के लाभार्थियों को झज्जर कार्यक्रम स्थल तक आने जाने के लिए प्रशासन की ओर से हरियाणा राज्य परिवहन के सहयोग से आवागमन की व्यवस्था की है।

# शटर तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किए

सदर थाना पुलिस ने हांसाका गांव के बस स्टैंड पर दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के भिवाड़ी निवासी सलमान उर्फ रोहन व यूपी के जिला भदोई के गांव लाला नगर रामपुर हाल किरायेदार नजदीक हंस पीजी भिवाड़ी निवासी पाण्डु उर्फ बच्ची के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किए है। गांव बालियर खुर्द निवासी जितेन्द्र कुमार ने हांसाका गांव के बस स्टैंड पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान कर रखी है। 15 मई की रात को दुकान का शटर तोड़ कर मोबाइल, एलसीडी व नकदी चोरी हो गई। इसी रात गांव के बस स्टैंड पर तीन और दुकानों के भी शटर तोड़कर मोबाइल, नकदी, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी कर गए थे। पुलिस ने थाना सदर में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। पुलिस ने शनिवार को मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# ऑटो चालक से नकदी व ऑटो छीनने के दो आरोपी काबू

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ऑटो व नकदी बरामद कर ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

धारूहेड़ा सेक्टर-6 थाना पुलिस ने ऑटो चालक से नकदी व ऑटो छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव महेश्वरी निवासी मोहित व यूपी के जिला गाजियाबाद के गांव नायफल हाल किरायेदार मोहल्ला बजरंग कॉलोनी धारूहेड़ा निवासी गौरव उर्फ सुभम शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ऑटो व नकदी बरामद कर ली है। जिला नूंह के गांव चुन्दिका निवासी इसुफ ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह 8 जून को धारूहेड़ा से सवारी भरकर भिवाड़ी के लिए चला था तथा भिवाड़ी मोड़ पर उसने अपने ऑटो से सवारी खाली कर दी थी, लेकिन उसके ऑटो में दो लड़के बैठे रहे और दोनों लड़के उसे जबरदस्ती कापड़ीवास रोड की तरफ बने हुए शराब के ठेके की तरफ ले गए और उन लड़कों ने उससे जबरदस्ती बियर मंगवाई और उसे जबरदस्ती महेश्वरी गांव की प्याऊ के पास लेकर गए तथा मारपीट कर उसका ऑटो व नकदी छीन कर भाग गए। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

# हाइवे पर साइड में पड़े कचरे में लगी आग

## फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया



रेवाड़ी। कचरे में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। फोटो :हरिभूमि

- आग लगने से चारों ओर सड़क पर धुआं फैल गया, जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

रविवार दोपहर एनएच-48 स्थित असाई इंडिया कंपनी के सामने पुलिया के पास पड़े कचरे व झाड़ियों में आग लग गई। आसपास के लोगों ने डायल 112 पर पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर कसोला थाना पुलिस व फायर ब्रिगेड पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से चारों ओर सड़क पर धुआं फैल गया, जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। आग लगने से जान-माल को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# ट्रक की टक्कर से कार चालक युवक की मौत

- टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक फरार हो गया
- जाटूसाना पुलिस ने केस दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाटूसाना

गांव रोझूवास के पास एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार चला रहे युवक की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। जाटूसाना पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक पर केस दर्ज कर लिया है। गांव लाला निवासी सुनील ने बताया कि उनकी गांव रोझूवास की तरफ जाने वाली सड़क के पास जमीन लगती है। गत दिवस वह जमीन की देखरेख के लिए स्कूटी से गया था। रात करीब एक बजे उसका भतीजा दीपक भी कार से वहां आ गया। कुछ देर बाद दीपक अपनी कार से गांव की तरफ चल दिया तथा कार के पीछे उसका चाचा स्कूटी चला रहा था। जब वह गांव की छोटी नहर की पुलिया के मोड के पास पहुंचने वाले थे तो सामने से तेज गति से अ रहे ट्रक ने उसके भतीजे की कार को टक्कर मार दी, जिससे कार गड्डे में गिर गई। ट्रक चालक टक्कर मारने के बाद ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सुनील ने अपने भतीजे को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जाटूसाना पुलिस ने केस दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**मौसम** रविवार को दिन भर चले लू के थपेडे, सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

# तीन दिन राहत के बाद फिर से भारी गर्मी, उमस कर रही लगातार परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम में बदलाव के कारण तीन दिन मिली राहत के बाद एक बार फिर से तेज धूप ने जमकर परेशान किया। तीन दिन से तेज आंधी और धूल भरी हवाएं चलने के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिला। तापमान में गिरावट से लू का प्रकोप कम हो गया था, लेकिन रविवार को फिर से तेज धूप व गर्म हवाओं ने लोगों को काफी परेशान किया। दिन के तापमान में जहां कमी आई है वही रात के तापमान में भी लगातार उतार-चढ़ाव चल रहा है। लोगों को उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहने का अनुमान है। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। दोपहर तक तेज धूप के कारण भारी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाती रही। हवा में नमी का स्तर 28 फीसदी तक होने के कारण उमस भरी चिपचिपी गर्मी का प्रकोप बना रहा। अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 42.6 पर आ गया। न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 26.8 पर आ गया। भारी गर्मी का प्रकोप कुछ हद तक कम हुआ है, लेकिन हवा में आर्द्रता बढ़ने से गर्म हवाएं उमस पैदा कर रही हैं। दिन के समय 18 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती हैं। लगातार तीन दिन से शाम के समय आसमान में घने बादल छाने से भारी गर्मी से कुछ राहत मिली थी, लेकिन रविवार को फिर से गर्मी ने परेशान किया। दोपहर की गर्मी के कारण अभी भी बाजार से लेकर सड़कों तक पर सन्नाटा छाया रहता है। लोगों को अब बरसात आने का इंतजार है। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहेगा। तापमान में भी मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।



रेवाड़ी। रविवार को सूना पड़ा शहर का मार्ग। फोटो :हरिभूमि

### किसानों को बरसात का इंतजार

मौसम में बदलाव होने से बिजली की खपत में 10 लाख यूनिट तक कमी आई है। रविवार को बिजली की खपत 124.50 लाख यूनिट तक रही। मौसम बदलने के साथ ही पावर दिन व रात में पावर कट भी लगने लगे है। किसान भी प्री-मानसून बरसात का इंतजार कर रहे हैं। इस समय अच्छी बरसात होने से बाजरे की बिजाई शुरू हो जाएगी।

# एटीएम कार्ड बदलकर 36 हजार रुपये की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा में एटीएम बूथ पर रुपये निकलवाने गए कंपनी कर्मचारी का एटीएम बदलकर बदमाशों ने खाते से ट्रांजेक्शन कर ली। कर्मचारी को मोबाइल पर मैसेज आने पर पता चला। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश के गांव इमलानी निवासी हाल में ओमनगर धारूहेड़ा में रह रहे दिनेश कुमार ल्यूमैक्स कंपनी में कार्यरत है। गत दिवस करीब शाम 7:30 बजे वह कंपनी के पास में स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ से पैसे निकलाने के लिए गया था तथा उसने 3000 रुपये निकाले। एटीएम बूथ में उसके पीछे दो अज्ञात व्यक्ति मौजूद थे, जिन्होंने चालाकी से स्टेटमेंअ निकालने के नाम उसका एसबीआई का एटीएम ले लिया और बाद में उसको किसी अन्य व्यक्ति का एटीएम थमा कर चले गए। शातिर बदमाशों ने उसके एटीएम से 10000, 10000, 10000 व 600 सहित चार बार में 36000 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।